प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा के लिये संचालित छात्रावासों की रैंकिंग में सीहोर ज़िला प्रथम

चर्चा में क्यों?

- 18 सितंबर, 2023 को राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा यूट्यूब लाइव कार्यक्रम में प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा के लिये संचालित छात्रावासों की सत्र 2022- 23 की रैंकिंग जारी की गई, जिसमें सीहोर ज़िले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने बताया कि छात्रावासों के शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर बनाना शासन की प्राथमिकता है। इस रैंकिंग प्रणाली को विकसित करने का मुख्य उद्देश्य रहवासी सुविधाओं के साथ छात्रावासों में अध्ययन-अध्यापन की बेहतर व्यवस्थाओं हेतु स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जाग्रत करना है।
- संचालक धनराजू ने बताया कि छात्रावासों के प्रदर्शन एवं कार्यक्षमता के मानकों पर कुल 100 अंकों में यह रैंकिंग तैयार की गई है।
- रैंकिंग में स्वीकृत छात्रावासों की कार्यक्षमता के लिये 20 अंक, स्वीकृत सीटों पर नामांकन के लिये 20 अंक, छात्रावास के बच्चों के राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति में प्रदर्शन के लिये 20 अंक, ओलंपियाड में प्रदर्शन के लिये 20 अंक एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम के लिये 20 अंक निर्धारित किये गए हैं।
- कार्यक्षमता एवं प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग के अनुसार सीहोर ज़िले ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं रायसेन, देवास, डिंडोरी, मंडला, छिंदवाड़ा, अलीराजपुर, बड़वानी, इंदौर एवं धार क्रमशः प्रथम दस शीर्ष ज़िलों में हैं।
- इसके साथ ही प्रदेश भर के छात्रावासों की भी रैंकिंग जारी की गई है। इसमें अलीराजपुर ज़िले के ग्राम जोहट का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, छात्रावास प्रथम स्थान पर है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sehore-district-stands-first-in-the-ranking-of-hostels-run-for-primary-education-in-the-state